# दिया कुमारी ने शक्ति पीठ मां नागणेच्या के दर्शन किए

**बालोतरा**, (नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रही।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शक्ति पीठ मां नागणेच्या जी के दर्शन कर प्रदेश की उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात, एक-पेड़-मां-के-नाम और हरियालो-राजस्थान के अंतर्गत मंदिर परिसर में मारवाड़ राजपूत सभा द्वारा आयोजित विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लगभग पांच हजार पौधों को रोपित कर उनके संरक्षण का हम सभी ने संकल्प लिया। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलेवासियों से अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शक्ति पीठ मां नागणेच्या जी के दर्शन किए। फोटो-राष्ट्रदूत

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। हमारा प्रयास हर क्षेत्र में विकास करना है, कही भी विकास की कोई कमी नही रहेगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि मंदिर प्रांगण के पास की दोनों सड़कों एवं निर्माणाधीन भवन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर देश में सघन वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है। आज पर्यावरण संकट को पूरा विश्व महसूस कर रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती मानव जीवन के लिए संकट है। प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन के कारण आज विकट परिस्थितियां पैदा हुई है। बढ़ता तापमान इसी का परिणाम है। वर्षा का पैटर्न बदल गया है।

इसके समाधान के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। साथ ही हमें अपनी आवश्यकता के अनुसार प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना चाहिए।

इस कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ राजपूत समाज के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, नागणेच्या माता ट्रस्ट के अध्यक्ष उम्मेद सिंह, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, पूर्व बायतु भाजपा प्रत्याशी मालाराम, पूर्व शिव भाजपा प्रत्याशी स्वरूप सिंह राठौड़ (खारा), भैरूंदा प्रधान जसवंत सिंह थाटा, बाड़मेर भाजपा अध्यक्ष बाबू सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारीगण व आमजन उपस्थित रहे।

## चोरियों से परेशान व्यापारियों ने धरना दिया

**जोधपुर**, (कासं)। सांगरिया क्षेत्र में पिछले एक दो साल में लगातार चोरियां बढ़ रही है। मगर पुलिस चोरियां खोलने में नाकाम साबित हो रही है। बढ़ती चोरियों और पुलिस की नाकामी को लेकर आज सांगरियां व्यापार के लोगों ने धरना देकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में इनके प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस आयुक्त को ज्ञापन भी दिया। व्यापारियों ने प्रतिष्ठान भी बंद रखे।

सांगरियां के व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र के तनावड़ा- सांगरियां इलाके में पिछले एक दो साल में लगातार चोरियां हो रही है। हर बार पुलिस थाने में रिपोर्ट दी जाती है और आश्वासन दे दिया जाता है, मगर पुलिस चोरियों को नहीं खोल पा रही है।

इस बात लेकर आज व्यापार मंडल की बैठक कर धरना प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को भी बंद रखा। बाद में समझाइश के लिए बासनी थानाधिकारी शफीक मोहम्मद वहां पहुंचे और बातचीत की।

व्यापारियों की तरफ से अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पुलिस आयुक्त को ज्ञापन दिया गया है। इसमें बताया कि सांगरियां पुलिस चौकी को क्रमोन्नत किए जाने के साथ सांगरियां क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरें लगाए जाएं। साथ ही पुलिस की गश्त को बढ़ाया जाए।

# जे.डी.ए. आयुक्त उत्साह चौधरी ने जनसुनवाई की



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने जनसुनवाई की। प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा, निदेशकगण, उपायुक्त, तहसीलदार सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर आयुक्त उत्साह चौधरी ने मंगलवार प्रात: 11 बजे से आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान प्राधिकरण सचिव डॉ. हरीतिमा, निदेशकगण, उपायुक्तगण, तहसीलदार सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

प्राधिकरण आयुक्त चौधरी ने जनसुनवाई के दौरान 20 से अधिक परिवादियों की समस्याओं का निस्तारण किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकरण यथा भूमि आवंटन, ले-आउट प्लान जारी करने, जोनल प्लान शुद्धिकरण, प्राधिकरण की योजनाओं के रिफण्ड, पट्टों, सडक इत्यादि से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जेडीसी उत्साह चौधरी ने प्रकरणों की जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए।

ज्ञात रहे कि प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने आमजन के विभिन्न कार्यो एवं प्रकरणों के त्वरित गति से निस्तारण एवं निराकरण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को जनसुनवाई की जा रही है। आवेदनकर्ता द्वारा आवश्यक दस्तावेज सहित जनसुनवाई में उपस्थित होकर समस्याओं एवं प्रकरणों के बारे में बताया जा सकता है।

# तिरंगा रन से हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया



जालोर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने नया बस स्टेण्ड परिसर से तिरंगा रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने नया बस स्टेण्ड परिसर जालोर से तिरंगा रन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जो जालोर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए स्टेडियम जालोर पहुंची।

तिरंगा रन में जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव सहित अधिकारियों-कार्मिकों, युवाओं व महिलाओं ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगों को जागरूक किया। पुरूष वर्ग में मुकेश कुमार पुत्र रणछोड़ाराम ने प्रथम, भरत मेघवाल पुत्र रणछोड़ाराम ने द्वितीय व जितेन्द्र मेघवाल पुत्र ओबाराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही महिला वर्ग में हिमानी पुत्री दिनेश कुमार प्रथम, दिव्या पुत्री रामकिशोर गोदाराम द्वितीय व निशा पुत्री राकेश तृतीय स्थान पर रही। तिरंगा रन गतिविधि के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर पर अपलोड किया गया।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, शिक्षाधिकारी नरेन्द्र परमार, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कार्मिक सहित कई जने उपस्थित रहे।

नगर परिषद जालोर की ओर से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वीरम मंच पर सायं 6 बजे एक शाम तिरंगे के नाम "तिरंगा कॉन्सर्ट" का आयोजन किया जायेगा।

## गांजे के साथ महिला पकड़ी

**जोधपुर**, (कासं)। महामंदिर पुलिस ने भदवासिया सांसी बस्ती की महिला से 101 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पूर्व में भी आबकारी अधिनियम में तीन प्रकरण दर्ज हो रखे है।

थानाधिकारी शिवलाल के अनुसार वे कल गश्त पर थे। तब भदवासिया सांसी बस्ती गली नंबर 4 महामंदिर में एक महिला को संदिग्ध जानकार उसकी तलाशी करवाई गई। तब उसके पास से 101 ग्राम गांजा मिला। महिला हुरमा देवी पत्नी भंवरलाल सांसी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया।

## संथारा गतिमान

**पाली**, (नि.सं.)। तिलक नगर निवासी भंवरी देवी धर्मपत्नी चंद्रकांत जी राठौड़ पुत्री स्व. घीसी बाई स्व भैंरुलाल तलेसरा का संथारे का आज 24 वां दिन गतिमान रहा।

सज्जन राज गुलेच्छा ने बताया कि महा साध्वा मंजुल ज्योति की सुशिष्या वसुधा व वंदिता ने मंगल पाठ श्रवण करवाया। निरन्तर नवकार मंत्र जाप व भक्ति कर दिन भर सभी भाई बहन दर्शन लाभ ले रहे हैं। सभी खुब खुब अनुमोदना कर रहे हैं।

# भारत विकास परिषद् के दो सदस्यों ने अंगदान, एक ने देहदान का संकल्प लिया

**जालोर**, (कासं)। सेवा व संस्कारों के लिए समाज में कार्य कर रही संस्था भारत विकास परिषद् की जालोर शाखा ने आज विश्व अंगदान दिवस पर एक अनूठी व सराहनीय पहल करते हुए परिषद् के 3 सदस्यों ने देहदान व अंगदान की स्वैच्छिक घोषणा की है।

ज्ञातव्य रहे कि पिछले वर्ष भी विश्व अंगदान दिवस पर परिषद् की जालोर शाखा की प्रेरणा से 4 सदस्यों ने देहदान व 3 सदस्यों ने नेत्र दान का संकल्प लिया था।

परिषद् की प्रेरणा से ही परिषद् परिवार के सदस्य भूरमल शाह का मरणोपरांत देहदान हुआ था। आज मंगलवार प्रात: विश्व अंगदान दिवस पर समारोह में राजस्थान पश्चिम प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी ,जालोर शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतङा , सचिव संतोषकुमार दवे व कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी की मौजूदगी में शाखा के 1 सदस्य ने मरणोपरांत देहदान व 2 सदस्यों ने अंगदान की घोषणा करते हुए संकल्प पत्र पर अपने निकटतम परिजनों व सम्बन्धियों की साक्षी में हस्ताक्षर किए।



अतिमा अरोड़ा ने देहदान की घोषणा की। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर में सुनिल तिवारी व उनकी पत्नी सुशीला तिवारी ने अंगदान करने की घोषणा की। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर शाखा के सदस्य व सीमेन्ट व्यवसायी संजय अरोङा की पत्नी अंतिमा अरोङा ने आज विश्व अंगदान दिवस पर देहदान की स्वैच्छिक रूप से घोषणा कर समाज को एक नया संदेश दिया । पिछले वर्ष संजय अरोङा व उनकी माता यशोदा अरोङा ने भी परिषद् की प्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया था।

इसी तरह परिषद् परिवार से ही व्यवसायी सुनिल तिवारी व उनकी पत्नी शिक्षिका सुशीला तिवारी (दम्पती के रूप में दोनों ने) ने अंगदान की घोषणा करते हुए संकल्प पत्र पर अपने परिजनों की सहमति से हस्ताक्षर किये।

कार्यक्रम में मरणोपरांत स्वैच्छिक रूप से देहदान व अंगदान करने का संकल्प लेने वाले सभी दानवीरों का परिषद् की ओर से कुमकुम का तिलक लगाकर व अंग वस्त्र पहनाकर एवम् श्रीफल भेंटकर अभिनंदन, सम्मान व पूजन किया गया।

अंत में शाखा के सचिव संतोषकुमार दव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

# वकीलों ने उत्साह दिखाया

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन एक दिवसीय नि:शुल्क हार्ट हैल्थ चैकअप शिविर राजस्थान उच्च न्यायालय के एडवोकेट्स चैम्बर्स के तृतीय तल स्थित एसोसिएशन के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ताओं की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, इसीजी, आरबीएस, एचबीए 1 सी, लिपिड, फाइब्रो स्केन एवं ऑरल स्क्रीनिंग इत्यादि निशुल्क जांच की गई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द पुरोहित ने बताया कि शिविर के समापन पर एसोसिएशन की उपाध्यक्ष मिस पिन्टु पारीक, महासचिव मनीष टाक, सहसचिव ऋषि सोनी, कोषाध्यक्ष शुभम मोदी, पुस्तकालय सचिव चिराग खत्री द्वारा आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर, बीकानेर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.एल. स्वामी एवं डॉ. बी.एस. राठौड़ एवं टीम का अधिवक्ताओं की हितार्थ नि:शुल्क शिविर पर आभार जताया।

एसोसिएशन के महासचिव मनीष टाक ने आगे बताया कि शिविर में आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर, बीकानेर की 20 सदस्य टीम ने सेवायें प्रदान की।

## लोकार्पण आज

**जालोर** (कासं)। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 14 अगस्त, बुधवार को दोपहर 1 बजे उच्च विभाग के तहत राजकीय महाविद्यालय रेवतड़ा के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। वर्चुअल कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भी उपस्थित रहेंगे। राजकीय महाविद्याल रेवतड़ा के लोकार्पण कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व सांसद लुम्बाराम चौधरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कार्मिक, विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

# प्रजापत को भारतश्री सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। 40 वर्षो से अधिक समय से मानव मात्र की सेवा में समर्पित रहने वाले समाज सेवी विष्णुचन्द्र प्रजापत को मध्यप्रदेश इन्दौर में भारत श्री सम्मान प्रदान किया गया।

गौरव भारत फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष भारत के विभिन्न प्रान्त से विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश के इन्दौर की पांच सितारा होटल मेरिटन में मुख्य अतिथि चीफ एयर मार्शल सहायक वायुसेनाअध्यक्ष, शशिकर चौधरी थे। समारोह की अध्यक्षता अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मीर रंजन नेगी थे। विशेष अतिथि के तौर पर फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा द्वारा जोधपुर के विष्णुचन्द्र प्रजापत को समाज सेवा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए भारत श्री सम्मान प्रदान किया गया।

जिसमें शशिकरण चौधरी द्वारा मेडल, रंजन नेगी द्वारा सम्मान पत्र तथा राजीव वर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

विष्णुचन्द्र प्रजापत गत 40 वर्षों से अधिक समय से मानव मात्र की सेवा में समर्पित रहते हुए नि:शुल्क सामूहिक विवाह, बच्चों की शिक्षा, भारतीय कला संस्कृति पर्यटन, भोगीशैल परिक्रमा यात्रा का आयोजन संचालन, लावारिश शवों का अन्तिम संस्कार, अस्थियों का गंगा में विसर्जन, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठाना, द्विव्यांग एवं सामाजिक सुरक्षा पेशन सहीत विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य में समर्पित रहते है।

प्रजापत वर्तमान समय में वेलकम जोधपुर कल्चरल डवलपमेन्ट सोसायटी-अध्यक्ष, प्रजापत समाज नया बास-अध्यक्ष, हिन्दू सेवा मण्डल-प्रधानमंत्री, प्रजापति कुम्हार समाज संस्थान जोधपुर महानगर महामंत्री, श्री श्रीयादेमाता जयन्ती महोत्सव के संस्थापक महामंत्री, भोगीशैल परिक्रमा यात्रा आयोजन-सचिव, वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति सदस्य, बाबा रामदेव मेला कोर कमेटी सदस्य, टाउन वेण्टीग नगर निगम सदस्य, कई पदो पर रहते हुए सेवा कार्य करते आ रहे हैं।

## भाजपाइयों ने तिरंगा झंडे बांटे

**पाली**, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे भारत में चलाए जा रहे अभियान हर घर तिरंगा आजादी का उत्सव है आया है, घर-घर में लहराएंगे तिरंगा, कश्मीर से कन्याकुमारी तक आइए फहराएं हम तिरंगा को लेर पाली में भाजपाइयों में जोश है।

मोर्चा जिला प्रवक्ता मनीष जावा ने बताए कि तिरंगा संयोजक कमलेश मेवाड़ा, सह संयोजक सुरेश घाची के नेतृत्व पाली शहर में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सोमनाथ मंडल अध्यक्ष मुकेश नाहर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी तीनों मंडल के बूथ मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला महामंत्री मोहन जी जाट सुनील जी भंडारी द्वारा कार्यक्रम को आगाज कर और कार्यकर्ताओं को के नारे लगाकर घर-घर तिरंगा झंडा बांटे। इस कार्यक्रम में महामंत्री सुनील भंडारी, मोहन जाट, मुकेश नाहर, शिवाजी मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा, युवा मोर्चा जिला मंत्री कार्तिक सिंह रावडावास, परमेंद्र सिंह राठौर, कमलेश मेवाड़ा, सुरेंद्र निहालानी, सुरेश घांची, शिवाजी मंडल अध्यक्ष ऋतिक दवे, रामलाल चौहान, गुमान सिंह रावत, महामंत्री कल्याण सिंह, नरेंद्र तिवारी, जीतू बोथरा, योगेश राखावत, दीपक सोनी, मनीष जावा, मानवेंद्र सिंह भाटी, मनीष बोहरा, आनंद सोलंकी, उपाध्यक्ष ममता बोहरा सहित कई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रजवाड़ी लहरिया सावन उत्सव मना

**पाली**, (नि.सं.)। रजवाड़ी लहरिया सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सूरजपोल स्थित जोधाणा जिप्सी रेस्टोरेंट में किया गया । कार्यक्रम संयोजक रेखा सोलंकी और रेणु राठौड़ ने बताया कि सावन थीम पर आयोजित इस सावन उत्सव में महिला सखियों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता के अलावा लहरिया पोषाक में

विशेष प्रस्तुति दी गई । सभी प्रतियोगियों का ड्रेस कोड रजवाड़ी वेशभूषा रखा गया साथ ही मायड भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थानी गीतों पर कैट वॉक एवं घूमर नृत्य तथा सामूहिक नृत्य किया गया ।

कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति को देख कर जज भी एकबारगी निर्णय देने में काफी मशक्कत में दिखे । कार्यक्रम में मिस सावन देवश्री गोटी,

मिसेस सावन बिंदिया टांक और ब्यूटीफुल लूक का खिताब रेखा श्रीमाली के नाम रहा। बेस्ट डांसर, बेस्ट रेम्प वॉक और मिसेस बेस्ट एंटरटेनर के इनाम भी दिये। महिला सखियों कों सांत्वना पुरस्कार दिए। निर्णायक टीम के जज मारवाड़ी एवन कपल प्रियंका राजेश बोहरा एवं पिहु भाटी रहे। समाजसेवी संगठन मानव विकास सेवा संगठन के अरविन्द सिंह राजपुरोहित, अन्नु सोलंकी, रूपा सालेचा एवं पूरी टीम भी उपस्थित रही।

# राज्य सरकार जनादेश का सम्मान नहीं कर रही है : शूरा




युवा कांग्रेस के कार्यक्रम को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष यशवीर शूरा ने संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर शहर के कलैक्ट्रैट गेट पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष यशवीर शूरा ने कहा कि प्रदेश में पिछले आठ महिनों से भाजपा का शासन आया है तभी से प्रदेश में युवा, किसान, महिला सहित आमजन त्रस्त व परेशान है। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे है सरकार गहरी नींद में सो रही है। सताधारी विधायक व मंत्री भी पॉवरलेस हो गये है दिल्ली की पर्ची से सरकार चल रही है। ये बात मंगलवार को यशवीर शूरा ने जालोर में युवा कांग्रेस के कलेक्ट्रेट घेराव कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए कही।

शूरा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगडी हुई महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है महिलाओं के साथ दिनो दिन बलात्कार की घटनाए बढ रही है आमजन में भय का माहौल है।

प्रदेशाध्यक्ष यशवीर ने कहा में प्रदेश में बिजली, पेयजल सहित चिकित्सा व्यवस्था पुरी तरह से ठप हो गई है। पिछले आठ महिनों में दो बार बिजली दरो में बढोतरी कर आमजन की कमर तोड दी है। साथ ही कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के साथ झूठे वादे कर सता में आई है अगर समय रहते जनता के साथ किए वादे को पूरा नही करती है तो यूथ कांग्रेस प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन करेंगी। शूरा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के मंत्री व विधायक अपने आप को पॉवरलेस महसूस कर रहे है आम जनता क्या उम्मीद रखे। प्रदेश का शासन केन्द्र सरकार के हाथों में है। साथ ही कहा कि पिछले कई दिनो से छात्र संघ चुनाव को लेकर सरकार के समक्ष मांग उठाई है।

जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पुर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तभी से लेकर प्रतिदिन महिला अपराधों में बढोतरी होती जा रही है, दलितों पर अत्याचार बढते जा रहे है जालोर में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा अनेक सौगात दी गई थी लेकिन भाजपा ने आते ही उन कार्यो पर रोक लगा दी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल ने कहा कि भाजपा सरकार हीन भावना से कार्य कर रही है जालोर शहर में पिछले दस वर्षो से भाजपा का बोर्ड है लेकिन शहर के हालात बद से बदतर हो चुके है। कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह सांखला, जिलाध्यक्ष दीपक मेघवाल, जिला प्रभारी नवाज दर्श, जालोर प्रत्याशी रमीला मेघवाल, आहोर प्रत्याशी सरोज चौधरी, एआईसीसी सदस्य जितेंद्र कसाना, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल सहित कई वक्ताओ ने सम्बोधित किया। प्रदेशाध्यक्ष यशवीर शूरा के नैतत्व कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त कलैक्टर को अपनी मांगों को रखा।

इस मौके कांग्रेस नेता उमसिंह चांदराई, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुटटो, नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार, आशु देवासी , गोपाल देवासी , भीनमाल विधानसभा अध्यक्ष भगवानराम देवासी, शंकर अग्रवाल , धीरज गुर्जर, सुरेश मेघवाल, सुरेश सोलंकी, भेराराम, समीर खान, मुकेश बॉस, नरेश राणा, जोगेंद्र कुमार, अशोक जोगसन, चेतन धवल, सद्दाम, हिदायद खान भूंडवा, जोगाराम सरगरा आदि उपस्थित थे।

## शुभचंद महाराज की जयंती 16 को

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ जोधपुर के तत्वावधान में 16 अगस्त को महासती शारदा कंवर म. सा .आदि ठाना 6 के सान्निध्य में आचार्य सम्राट शुभचंद म. सा के 85 वें जन्मदिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रावक श्राविकाओं द्वारा 500 सामूहिक एकासना एवं अन्य त्याग तपस्या एवं व्रत का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम सोहनकवर मोहनलाल काकरिया पोषधशाला, लक्ष्मी नगर पावटा बी रोड पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लाभार्थी श्रीमती भंवरीदेवी मांगीलाल , श्रीमती सरलादेवी सुरेंद्रचंद रुनवाल परिवार होंगे। जोधपुर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि जन्म जयंती को लेकर संघ के श्रावक श्राविकाएं में अति उत्साह है। त्याग तपस्या एकासन करने वाले 350 से अधिक श्रावक श्राविकाएं के नाम आ गए हैं। उन्होंने बताया की जयंती को लेकर बाहर से काफी श्रावक श्राविकाएं शामिल होंगे। बोहरा ने बताया कि महासतीयाजी शारदा कंवर म.सा.आदि थाना 6 के सानिध्य में चातुर्मास कार्यक्रम चल रहा है। प्रतिदिन 8:30 से 10 बजे तक प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे है।